पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 11, 1945
शनिवार, दिसम्बर 02, 2023

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट अक्रा, घाना में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट संयुक्त राष्ट्र (यूएन) शांति रक्षा की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए 05 से 06 दिसंबर, 2023 तक अक्रा, घाना की आधिकारिक यात्रा करेंगे। शांति अभियान विभाग, संयुक्त राष्ट्र और घाना गणराज्य बैठक के मेजबान हैं।

संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के सामने आने वाली सुरक्षा व परिचालन से संबंधित चुनौतियों का समाधान करना तथा दुनिया भर में चल रहे इन मिशनों के लिए समर्थन उत्पन्न करना है। भारत संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न शांति मिशनों के लिए अधिकतम संख्या में सैनिक व उपकरण भेजकर हमेशा सबसे आगे रहा है।

इस बैठक के अतिरिक्त श्री अजय भट्ट सदस्य देशों से मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने वाले मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे तथा संबंधों को और मजबूत करने के लिए रक्षा सहयोग के मामलों पर चर्चा करेंगे। वे यात्रा के दौरान अक्रा में भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगे।

एबीबी/एसएस